नैक द्वारा ग्रेड प्राप्त *कोड क्रमांक –1203*

कार्यालय प्राचार्य

शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा
जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़) पिन – 493118
Phone No 07726-220312 **Website:www.gnapgcollege.in** **Email-govtgnapgcollege@gmail.com**

क्रमांक / 1258 अ.व्याख्याता / 2022 भाटापारा, दिनांक 28 / 09 / 2022

प्रति,

REENU MEHER
Dharuadihi,
Sundargarh, Odisha 770022

विषय :– **अतिथि व्याख्याता–राजनीतिशास्त्र के रूप में अध्यापन कार्य हेतु आमंत्रण।**

आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर के पत्र क्र. 563 / 126 / आउशि / राज.स्था. / 2022 दिनांक 08 / 09 / 2022 के अनुपालन में आपको सत्र 2022–23 में महाविद्यालय में विषय **राजनीतिशास्त्र** में अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन कार्य हेतु आमंत्रित किया जाता है। आप अपने मूल अभिलेखों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होकर इस बाबत् अपनी सहमति दें ।

अतिथि व्याख्याता के रूप में आपको प्रति कालखण्ड रू. 300 / – की दर से मानदेय का भुगतान किया जावेगा। यह मानदेय प्रति दिवस अधिकतम रू.1200 / – एवं प्रतिमाह रू. 31200 / – में सीमित होगा ।

अतिथि व्याख्याताओं की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होंगी और न ही वे अधिमानिक बर्ताव (Preferential Treatement) के हकदार होंगे।

अतिथि व्याख्याताओं को अध्यापन कार्य के अतिरिक्त प्राचार्य द्वारा समय–समय पर दिये गये कार्यो का सम्पादन करना होगा।

अतिथि व्याख्याताओं का अध्यापन समय महाविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार (7 घण्टे) होगा एवं निरंतर 6 दिवस से अधिक अवकाश में रहने पर सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

चयनित पद पर शासन द्वारा नियमित नियुक्ति अथवा स्थानांतरण में आने पर / कार्य असंतोष जनक पाये जाने पर / शासन के निर्देशानुसार यह व्यवस्था प्राचार्य द्वारा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।

कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज न होना तथा किसी अन्य संस्था / महाविद्यालय में अध्यापन न करने का वचन देना होगा।

आदेश जारी होने के 05 दिनों के भीतर आप अपनी उपस्थिति एवं सहमति महाविद्यालय में प्रस्तुत करें, उक्त अवधि पश्चात् यह व्यवस्था स्वतः ही निरस्त मानी जावेगी।

प्राचार्य

Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)